**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–06.03.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

- **बाबूलाल मरांडी बने भाजपा विधायक दल के नेता, सर्वसम्मति से हुआ चुनाव, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा– मरांडी के नेतृत्व में झारखंड के विकास को मिलेगा नया आयाम।**
- **मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन पदाधिकारियों और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ बैठक के दिए निर्देश, 25 मार्च तक प्रतिवेदन सौंपने को कहा।**
- **झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू पलामू पहुंचे, संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत कार्यकर्ताओं से किया संवाद।**
- **झामुमो का तेरहवां महाधिवेशन रांची में 14 और 15 अप्रैल को, झारखंड समेत सात राज्यों के 3 हजार 600 प्रतिनिधि होंगे शामिल।**
- **देवघर में तीन दिवसीय राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव का शुभारंभ, पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने किया उद्घाटन।**

**********************

**अब समाचार विस्तार**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित इस सम्मेलन की थीम **नारी शक्ति से विकसित भारत** रखी गई है। कार्यक्रम में सशस्त्र बल, अर्धसैनिक बल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं शामिल होंगी। महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इसे महिलाओं के बहुमुखी विकास का महत्वपूर्ण अवसर बताया।

**********************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया। चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और सांसद डॉ. के. लक्ष्मण को पर्यवेक्षक बनाया गया था। श्री यादव ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के विकसित भारत के सपने को झारखंड में गति मिलेगी।

**********************

भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर बाबूलाल मरांडी ने केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए उन्हें जो भी जिम्मेदारियां दी गई है, वो पूरी निष्ठा से उन्हें पूरा करने का प्रयास करेंगे।

**********************

इधर कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा में घुसपैठ हो गयी। उन्होंने कहा कि सीपी सिंह जैसे वरिष्ठ नेता को नेता प्रतिपक्ष बनाया जाना चाहिए था। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि श्री मरांडी केंद्र से झारखंड के बकाया **1 लाख 36 हज़ार करोड़ रुपये** दिलाने में मदद करेंगे।

**********************

झारखंड विधानसभा में कार्यवाही के दौरान दिव्यांग, विधवा और वृद्धा पेंशन की राशि मंईंया सम्मान योजना की तरह ढाई हजार करने को लेकर भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया। इसपर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि ये सभी योजनाएं मंईंया सम्मान से अलग हैं। अपनी मांगों पर जोर देने के लिए भाजपा के सभी विधायकों ने सदन से वॉकआउट किया। कांग्रेस विधायकों ने भी सेविकाओं और सहियाओं के वेतन बढ़ाने पर चर्चा की।

सदन ने 24 अरब 21 करोड़ 8 लाख 16 हजार की अनुदान मांग को ध्वनिमत से मंजूरी दी। इसके साथ ही कल सुबह ग्यारह बजे तक के लिए सभा स्थगित कर दी गयी।

*****************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों और ईआरओ को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया। उन्होंने 17 से 22 मार्च तक इन बैठकों के आयोजन और 25 मार्च तक प्रतिवेदन समर्पित करने का आदेश दिया है।

*****************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश में आकस्मिक प्रसारण सहायक का पैनल बनाने के लिए आवेदन–पत्र आमंत्रित किया गया है, जिसका प्रकाशन आकाशवाणी के वेबसाईट–www.newsonair.gov.in के Vacancis सेक्शन और प्रादेशिक समाचार एकांश के X हैंडल @airnews_ranchi पर प्रकाशित किया गया है।

योग्य उम्मीदवार संबंधित वेबसाईट से आवेदन–प्रपत्र डाउनलोड कर अपना 26 मार्च 2025 तक उप महानिदेशक सह कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी, रातू रोड, रांची, पिन कोड–834001 के पते पर स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट से आवेदन–पत्र भेज सकते हैं।

*****************

झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू पलामू पहुंचे और संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने मेदिनीनगर में प्रमंडल स्तरीय बैठक में कांग्रेस–झामुमो गठबंधन की स्थिरता पर भरोसा जताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने की सलाह दी और कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों पर जोर दिया।

*****************

झारखंड मुक्ति मोर्चा का तेरहवां महाधिवेशन 14 और 15 अप्रैल को रांची के हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगा। केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि इसमें झारखंड समेत सात राज्यों के 3 हजार 600 प्रतिनिधि शामिल होंगे।

*****************

लातेहार जिले में मंईंया सम्मान योजना में गड़बड़ी पकड़ी गयी है।

*****************

राजकीय बैधनाथ महोत्सव आज बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर में शुरू हुआ। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने किया। इस मौके पर पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि

पर्यटन के क्षेत्र में देवघर की जनता की मांग को देखते हुए झारखंड सरकार ने देवघर में बैद्यनाथ महोत्सव को एकबार फिर से शुभारम्भ किया

******************

**अब कुछ संक्षिप्त खबरें—**

- लोहरदगा जिले में अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर भाजपा ने अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया जिस में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय ने अटल जी को राष्ट्र समर्पित नेता बताते हुए उनके विचारों और उपलब्धियों को याद किया।
- हजारीबाग जिला उपायुक्त नैंसी सहाय ने पंचायत स्तरीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता रथ रवाना किया। यह रथ विभिन्न प्रखंडों में जाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा।

******************

अगले कुछ दिनों में झारखंड के मौसम में बदलाव की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है और आसमान में बादल छाए रहेंगे। इससे राज्य के विभिन्न हिस्सों में ठंड बढ़ने की संभावना है।

******************

बेंगलुरु में 4 से 9 मार्च तक आयोजित 45वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड के एथलीटों का शानदार प्रदर्शन जारी है। मेरी मुजनी ने आज ट्रिपल जम्प में गोल्ड मैडल जीत कर झारखण्ड को एक और पदक दिलाया। अनु सिंह ने ट्रिपल जम्प में 50 प्लस केटेगरी में कांस्य पदक जीत कर झारखण्ड का मान बढ़ाया है। झारखण्ड को अब तक पांच पदक मिल चुके है जिसमे दो स्वर्ण दो रजत और एक कांस्य शामिल है।

********समाप्त********